# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## ऑपरेशन सिंदूर से बर्बाद पाकिस्तान पर करोड़ों की बारिश, ICC देगी बहुत बड़ी रकम ; जाने पूरी खबर।

Publisher

Published on 15 May 2025




## ICC ने वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप के लिए प्राइज मनी घोषित कर दी है. यहां जानिए पाकिस्तान को भी क्यों खूब सारा पैसा मिलने वाला है ?

पूरा भारतवर्ष उस घटना को भूला नहीं है जब 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ली थी. इसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया है. पहले ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर हालत में थी, वहीं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बर्बादी की हालत में जा पहुंचा है. इस सबके बावजूद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) आखिर पाकिस्तान को बहुत बड़ी रकम क्यों दे रहा है ? यहां आपको इस सवाल का जवाब मिलेगा.

पाकिस्तान पर मेहरबान ICC
ICC ने हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा की है. बता दें कि 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 11-15 जून तक ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. एक तरफ विजेता को करीब 30.7 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी, वहीं उपविजेता को करीब 18.5 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिलेगी.

आईसीसी ने विजेता और उपविजेता के अलावा अन्य टीमों को भी खास तोहफा दिया है. इसी तोहफे के तहत प्राइज पूल की पूरी रकम अन्य टीमों में भी बांटी जाएगी. पाकिस्तान टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रहा था. नौवें नंबर पर रहने के लिए भी ICC उसे 4 लाख 80 हजार यूएस डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 4 करोड़ रुपये की रकम देने वाला है.

भारत को भी मिलेगा खूब सारा पैसा

भारतीय टीम ने 2021 और 2023 में भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था, लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार उसे बहुत भारी पड़ी. नतीजन टीम इंडिया को टेबल में तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था. जब 9वें नंबर पर रहने के लिए बर्बाद हो चुके पाकिस्तान को करोड़ों रुपये मिल रहे हों तो भला भारत को क्यों नहीं. तीसरे नंबर पर रहने के लिए भारत को करीब 12.3 करोड़ रुपये तोहफे के तौर पर देने वाली है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.